STEP TOGETHER

क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते/जानती हैं, जो गलत मार्ग पर बढ़ रहा है?

आप सहायता कर सकते/सकती हैं।

STEP TOGETHER

गोपनीय सलाह और समर्थन के लिए:

1800 875 204 पर कॉल करें

STEPTOGETHER.NSW.GOV.AU पर जाएँ

कनेक्ट करें

- @steptogethernsw
- @StepTogetherNSW
- @steptogethernsw
- @steptogethernsw

NSW GOVERNMENT

शुरुआत में ही समर्थन देने से लोगों को हिंसक अतिवाद की ओर बढ़ने से रोकने में सहायता मिल सकती है। पता लगाएँ कि यह कैसे किया जा सकता है।

1800 875 204 पर फोन करें या

STEPTOGETHER.NSW.GOV.AU वेबसाइट देखें

Hindi

किन बातों पर नज़र रखें

क्या आप किसी प्रियजन में परिवर्तन देख रहे/ही हैं? शायद वे सामान्य से अधिक अलग-थलग से रह रहे हैं, कंप्यूटर पर अकेले बहुत समय बिता रहे हैं, अधिक आक्रामकता से कार्य कर रहे हैं, या समुदाय में दूसरों के प्रति कम सहनशील बन रहे हैं।

ये कुछ ऐसे संकेत हैं जिनसे पता चलता है कि आपके किसी परिचित को मदद की ज़रूरत हो सकती है। कभी-कभी जब लोग अकेला महसूस करते हैं या उन्हें गलत समझा जाता है, तो उन्हें चरमपंथी समूहों से संबंधित होने की भावना महसूस होती है और वे समूह उनकी कमज़ोरियों को अपना शिकार बनाते हैं।

ये समूह अपने स्वयं के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक या वैचारिक परिवर्तन को प्राप्त करने के लिए हिंसा के उपयोग को बढ़ावा देते हैं, इसे उचित ठहराते हैं और प्रोत्साहित करते हैं। हमारा उद्देश्य लोगों को इस रास्ते पर जाने से बचाना है।

आपकी भूमिका अहम है

यह पहचान करने के लिए आपकी स्थित सबसे अच्छी होती है कि आपके आस-पास के लोग कब नकारात्मक रास्ते पर जा रहे हैं। यह बहुत आसान लगता है लेकिन कभी-कभी किसी ऐसे व्यक्ति की मदद करने के लिए उनकी बात सुनना ही सब कुछ होता है जिसकी आप परवाह करते/ती हैं। कोई धारणा बनाए बिना किसी की बात सुनकर, आप किसी को हिंसा का समर्थन करने वाले समूहों से उनसे संपर्क करने से पहले ही स्वीकार किए जाने महसूस करने और अपनेपन की भावना खोजने में मदद कर सकते/ती हैं। एक ऐसा परिवेश बनाकर जहाँ सकारात्मक चर्चा को प्रोत्साहित किया जाता है और लोग अपने विचारों को व्यक्त करने में सहज महसूस करते हैं, आप सकारात्मक संबंध को बढ़ावा दे सकते/ती हैं और किसी को चरमपंथ के खतरों से दूर कर सकते/ती हैं।

Step Together सहायता के लिए यहाँ मौजूद है

Step Together उन लोगों के लिए एक हेल्पलाइन और डिजिटल सहायता सेवा है जो अपने प्रियजनों का समर्थन करने और उन्हें हिंसक उग्रवाद में शामिल होने से बचाने से सम्बन्धित सलाह की मांग कर रहे हैं। किसी सुरक्षित और गोपनीय स्थान में, योग्य सहायता कर्मी दूसरों की मदद करने में आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं और आपको अपने समुदाय में उपयुक्त सहायता सेवाओं से जोड़ सकते हैं।

हमें 1800 875 204 पर कॉल करें या वेबसाइट STEPTOGETHER.NSW.GOV.AU पर जाएँ।